अच्छे बुरे भी जैसे,
हालात में तू रखना,
मुझको मेरे कन्हैया,
औकात में तू रखना,
अच्छे बूरे भी जैसे,
हालात में तू रखना।।

इतना ना मुझको देना,
गरूर हो जाए ,
नजरो से आपकी ही,
हम दूर होना जाये ,
मुझको तो प्रेमीयो की,
जमात में तू रखना ,
अच्छे बूरे भी जैसे,
हालात में तू रखना।।

कही भी कभी भी,
मगरूर मत करना,
दुनिया के आगे बाबा,
मजबूर मत करना,
अपनी बिछाई हर एक,
बिसात में तू रखना,
अच्छे बूरे भी जैसे,
हालात में तू रखना।।

भक्ति का श्याम अपनी,
सरुर हमे देना,
भक्तो का प्यार,
अपने जरुर हमें देना,
जब तक मुझे कन्हैया,
कायनात में तू रखना,
अच्छे बूरे भी जैसे,
हालात में तू रखना।।

नजरो में आपका जो,
ये नूर आ जाए,
रोमी को भी जीने का,
सहूर आ जाए,
अपनी अनोखी की हर एक,
करामत में तू रखना,
अच्छे बूरे भी जैसे,
हालात में तू रखना।।

अच्छे बुरे भी जैसे,
हालात में तू रखना,
मुझको मेरे कन्हैया,
औकात में तू रखना,
अच्छे बूरे भी जैसे,
हालात में तू रखना।।

Singer : Romi Ji

Source: https://www.bharattemples.com/acche-bure-bhi-jaise-halat-me-tu-rakhna/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw